डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा 16 / 14 / 2024 — 10 जनवरी 2024

शोक—संदेश

प्रेम प्रकाश

(1946—2024)

यह बेहद दुखद है कि प्रतिष्ठित सिंधी लेखक, अनुवादक, कवि और नाटककार प्रेम प्रकाश का बुधवार, 10 जनवरी 2024 को निधन हो गया। प्रेम प्रकाश ने सिंधी कविता, नाटक और आलोचना के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रेम प्रकाश जी ने सिंधी थिएटर में एब्सर्ड नाटक की शुरुआत की। उनके कविता संग्रह *भगत* ने 2001 में साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्राप्त किया। सिंधी साहित्य और थिएटर में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, उन्हें साहित्य अकादेमी पुरस्कार के अलावा अनेक पुरस्कार मिले। गुजरात सिंधी साहित्य अकादमी पुरस्कार, अखिल भारत सिंधी बोली आईन साहित्य सभा और केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने भी उन्हें सम्मानित किया। उनकी कुछ व्यापक रूप से प्रशंसित साहित्यिक कृतियों में *भगत, पिकनिक, मोर्चाबंदी, विलेन, वेहा, फरिश्तान जी दुनिया, फसलो, जुलूस* और *पेरिया जो इशिक* शामिल हैं। प्रेम प्रकाश अपने पीछे समृद्ध साहित्यिक विरासत छोड़ गए हैं, जो हमेशा बनी रहेगी। साहित्य अकादेमी प्रेम प्रकाश के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in